उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय, बलरामपुर
झारखण्डी रेलवे स्टेशन रोड, निकट निदान अस्पताल, मोतीसागर (तुलसीपाकी), बलरामपुर

Email Id-
cdr_balrampur@yahoo.com

Mobile. No.
9151919684

पत्रांकः / / दिनांकः / /2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः दैनिक भास्कर न्यूज पोर्टल पर दिनांकः 05.11.2026 को प्रकाशित समाचार " पेयजल योजना का काम अधूरा छोड़कर संस्था गईः हरैया सतघरवा की 110 ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन बिछाने के बाद रास्ते खोदे, सिरैहिया में टंकी का काम भी रुको" शीर्षक के सम्बन्ध में आख्या प्रेषण।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर न्यूज पोर्टल पर दिनांकः 05.11.2026 को प्रकाशित समाचार " पेयजल योजना का काम अधूरा छोड़कर संस्था गईःहरैया सतघरवा की 110 ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन बिछाने के बाद रास्ते खोदे, सिरैहिया में टंकी का काम भी रुका " शीर्षक के सम्बन्ध में आप द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जांच आख्या निम्नवत् है–

क्रमसं	बिन्दु	आख्या
01	हरैया सतघरवा विकासखंड की 110 ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन स्वच्छ पेयजल योजना का काम अधूरा है। पाइप लाइन बिछाने के बाद कार्यदायी संस्था गांवों से चली गई। रास्ते खोदकर छोड़ दिए गए हैं और उनमें गड्ढे बन गए हैं। सिरैहिया ग्राम पंचायत में दो साल पहले गांव के पूर्वी छोर पर सड़क किनारे पानी की टंकी का काम शुरू हुआ था। प्रधान पवन कैराती के मुताबिक, टंकी 209.25 लाख रुपए की लागत से बननी थी। उन्होंने बताया कि डेढ़ साल बाद भी सिर्फ नींव और बोर्ड लगा है। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नमामि गंगे योजना के तहत हर घर तक साफ पेयजल पहुंचेगा। लेकिन टंकी का काम पूरा नहीं हुआ। चारदीवारी की नींव टूट गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि काम मानकों के मुताबिक नहीं हुआ और जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं आते। पाइप लाइन बिछाने के दौरान गांव के मुख्य रास्तों पर गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए। दुखहरण, मायावती, मंजू, ननके, हृदय राम, पितांबर और विनय कुमार इन गड्ढों में गिरकर घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रास्तों की मरम्मत के लिए कोई आगे नहीं आया।	प्रकाशित समाचार विकास खण्ड हरैया सतघरवा से सम्बन्धित है, इस विकास खण्ड के अन्तर्गत 83 नग पाइप पेयजल योजनाओं के माध्यम से कुल 110 नग ग्राम पंचायतों को आच्छादित किया जाना है। कार्यदायी फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा 29 नग एवं मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन द्वारा 54 नग कुल 83 नग पेयजल योजनाओं का कार्य निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में विकास खण्ड हरैया सतघरवा के अन्तर्गत कुल 56 नग ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण कर 32 नग योजनाओं से 15354 घरों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। कार्यदायी फर्म मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन (जे0वी0) द्वारा विकास खण्ड हरैया के ग्राम पंचायत सिरहिया को पेयजल योजना से आच्छादित किया जाना है। उक्त पेयजल योजना पर वर्तमान तक फर्म द्वारा 01 नग ट्यूबवेल का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण है। बाउण्ड्रीवाल का कार्य 15 प्रतिशत, पम्प हाउस 85 प्रतिशत, एफ0एच0टी0सी0 487 नग के सापेक्ष 195, वितरण प्रणाली 7558 मी0 के सापेक्ष 7000 मी0 पूर्ण किया गया है। ओ0एच0टी0 क्षमता 150 कि0ली0/16 मी0 का कार्य सेकेण्ड ब्रेस तक पूर्ण है। सिरहिया पेयजल योजना पर विगत 2 वर्ष से शासन स्तर से धनांवटन न होने के कराण अवशेष कार्य की प्रगति अत्यन्त धीमी है। वर्तमान में सिंगल विलेज योजना पर शासन द्वारा भुगतान हेतु लिमिट जारी कर दी गयी है। फर्म द्वारा देयक प्रस्तुत करने पर भुगतान कर दिया जायेगा तथा फर्म को अवशेष निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है। फर्म द्वारा प्रस्तुत देयक के अनुसार भुगतान की कार्यवाही की जा रही है।

भवदीय

(सुरेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 2024 / ग्रम-16 / 40 दिनांक 04/11/2026

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोण्डा।
4. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जू0इं0, खण्ड कार्यालय, बलरामपुर।

अधिशासी अभियन्ता